हो बाबा रे, आजा रे..

हो बाबा रे आजा रे, हो बाबा रे आजा रे,
मुझे कुछ हो रहा हैं, भक्त ये रो रहा हैं ।
याद में तेरी कबसे, मेरा दिल रो रहा हैं,
हो बाबा रे आजा रे, हो बाबा रे आजा रे ॥

सुनी आंखें, मेरे गुरुवर, तेरी राह निवारे,
इन नैनो की प्यास बुझाने जल्दी से चले आ रे ।
तेरा भक्ति में आना, भक्तो पे प्यार लुटाना,
बहोत याद आ रहा हैं, सताये जा रहा हैं ॥
हो बाबा रे आजा रे, हो बाबा रे आजा रे..

कदम कदम पर मेरे बाबा, मेरी लाज बचाते,
संकट से मुझको बचाकर, नैय्या पार लगाते ।
नैय्या ये डोल रही हैं, नैय्या को पार लगा दे,
सुनले नाकोड़ावाले, भक्तो ने तुझको पुकारा ॥
हो बाबा रे आजा रे, हो बाबा रे आजा रे..

आज अगर तुम ना आये तो होगी लोग हंसाई,
सारे जमाने में मेरे बाबा, होगी तेरी रूसवाई ।
भक्त मंडल ये गाए, दर्श की आस लगाए,
दर्श हमें दे दो बाबा, नाकोड़ा के रखवाले ॥
हो बाबा रे आजा रे, हो बाबा रे आजा रे,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2399/title/ho-baba-re--aaja-re-muhje-kuch-ho-raha-hai-bhagat-ye-ro-raha-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |